वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2013-2014

प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
राजगुरूनगर, पुणे - 410505, महाराष्ट्र, भारत
Directorate of Onion and Garlic Research
(Indian Council of Agricultural Research)
Rajgurunagar, Pune – 410 505, Maharashtra, India

वार्षिक प्रतिवेदन /Annual Report 2013-2014

प्रकाशक
डॉ. जय गोपाल
निदेशक

संकलन एवं संपादन
डॉ. एस.एस. गाडगे
डॉ. कल्याणी गोरेपति
डॉ. प्रिती सिंह
डॉ. ए.ए. मुरकुटे
डॉ. जय गोपाल

प्रकाशित
जून 2014

©2014 प्या.ल.अनु.नि., पुणे – 410 505

सही उद्धरण
प्या.ल.अनु.नि. वार्षिक प्रतिवेदन 2013–14
प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर, पुणे – 410 505, महाराष्ट्र, भारत

संपर्क
दूरभाष: 91-2135- 222026, 222697
फैक्स: 91-2135- 224056
ई–मेल: director@dogr.res.in / aris@dogr.res.in
वेबसाईट: http://www.dogr.res.in

Published by
Dr. Jai Gopal
Director

Compiled & Edited by
Dr. S.S. Gadge
Dr. Kalyani Gorepatti
Dr. Pritee Singh
Dr. A.A. Murkute
Dr. Jai Gopal

Published
June 2014

©2014 DOGR, Pune - 410 505

Correct Citation
DOGR Annual Report 2013-14
Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar, Dist. Pune- 410 505, Maharashtra, India

Contact
Phone: 91-2135- 222026, 222697
Fax: 91-2135- 224056
E-mail: director@dogr.res.in / aris@dogr.res.in
Website: http://www.dogr.res.in

अभिकल्प व मुद्रण / Designed & Printed by
एन्सन एडवर्टायजिंग ऐंड मार्केटिंग, पुणे / Anson Advertising & Marketing, Pune
दूरभाष/Phone: 91-20- 24213244, टेलिफैक्स/Telefax: 91-20- 24210013
ई–मेल Email : ansonorama@gmail.com

विषय–सूची / Contents

- प्राक्कथन / Preface
- कार्यकारी सारांश / Executive Summary
- परिचय / Introduction 1
- प्रगति प्रतिवेदन / Progress Report 4
  - फसल सुधार/Crop Improvement 4
  - फसल संरक्षण/Crop Protection 50
  - फसल उत्पादन/Crop Production 56
  - बीज प्रौद्योगिकी/Seed Technology 68
  - सस्योत्तर प्रौद्योगिकी/Post-harvest Technology 74
  - प्रसार/Extension 86
- सार्वजनिक–निजी भागीदारी / Public-Private Partnership 92
- नई प्रजातियां / New Releases 93
- प्याज उत्पादन के लिए नई संस्तुतियां / New Recommendations for Onion Production 96
- प्या.ल.अनु.नि. की वर्तमान अनुसंधान परियोजनाएं / On-Going Research Programmes of DOGR 97
- प्रकाशन / Publications 100
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण / Transfer of Technology 104
- मानव संसाधन विकास / Human Resource Development 118
- संस्थागत गतिविधियां / Institutional Activities 124
- आगंतुक / Visitors 134
- कार्मिक / Personnel 137
- वित्तीय विवरण / Financial Statement 141
- मौसम संबंधी आंकडे / Meteorological Data 142

प्राक्कथन / Preface

प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय (प्या.ल.अनु.नि.), राजगुरुनगर, पुणे का वार्षिक प्रतिवेदन (2013–14) प्रस्तुत करना मेरा सौभाग्य है। इस वर्ष प्या.ल.अनु.नि. की पांच प्याज किस्मों भीमा सुपर, भीमा रेड, भीमा डार्क रेड, भीमा श्वेता और भीमा शुभ्रा को राष्ट्रीय स्तर के लिए जारी करने की संस्तुति की गई। सार्वजनिक–निजी भागीदारी के माध्यम से जिंदल क्रॉप साइंसेस प्रा.लि. (आई.एस.ओ. 9001: 2008 प्रमाणित कंपनी) के साथ गैर–अनन्य अनुज्ञप्ति पर हस्ताक्षर कर 'भीमा सुपर' किस्म का बीज उत्पादन एवं विपणन के लिए व्यावसायीकरण किया गया। यह लाल प्याज की किस्म अपनी उच्च उपज तथा अच्छे गुणवत्तायुक्त कन्दों के कारण देश के खरीफ प्याज उत्पादक क्षेत्रों में लोकप्रिय हो रही है। एक सफेद प्याज किस्म 'भीमा शुभ्रा' भी महाराष्ट्र के अकोला (विदर्भ) क्षेत्र में खरीफ मौसम के लिए सफलता की कहानी साबित हुई है। भीमा डार्क रेड के कन्द अपने नाम की तरह ही गहरे लाल रंग के होते हैं। यह खरीफ मौसम के लिए पहली इस प्रकार की किस्म है। भीमा श्वेता रबी एवं पछेती खरीफ के लिए सफेद प्याज की किस्म है, जब कि भीमा रेड सभी तीन मौसमों में उगाई जा सकती है।

अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन अनुसंधान नेटवर्क परियोजना (अ.भा.प्या.ल.अनु.ने.प.) के तहत दो एफ$_1$ संकरों (डीओजीआर संकर–7 एवं डीओजीआर संकर–50) की बहुस्थानीय परिक्षणों के लिए संस्तुति की गई है। उन्नत पीढ़ी में सफेद प्याज के आठ वंशक्रम प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त तथा 18% से ज्यादा कुल घुलनशील ठोस पदार्थ युक्त पाए गए। छोटे दिनों वाले स्वदेशी और लंबे दिनों वाले विदेशी प्याज के बीच किए गए संकरण चयनित किस्मों से अधिक विपणन योग्य उपज देने में आशवान साबित हुए। सफेद मल्टीप्लायर प्याज की एक अनुठी प्रजाति 'डब्ल्यूएम–514' की पहचान की गई, जो कि पछेती खरीफ एवं रबी मौसम के लिए आशवान पाई गई। प्ररुपी आंकडों के आधार पर लहसुन की 625 प्रविष्टियों में से 39 प्रविष्टियों का एक आंतरक समूह पहचाना गया। लहसुन के कुछ जल्द परिपक्वता और अधिक उपज देने वाले प्रजनक वंशक्रमों की पहचान की गई। प्याज में संकर किस्मों का उत्पादन करने में प्रजनक के रुप में इस्तेमाल करने हेतु शुध्द वंशक्रमों को

It is my privilege to present the Annual Report (2013-14) of Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR), Rajgurunagar, Pune. This year, five onion varieties of DOGR *viz.*, Bhima Super, Bhima Red, Bhima Dark Red, Bhima Shweta and Bhima Shubhra were recommended for release at national level. Variety 'Bhima Super' has been commercialized through public-private partnership, by signing a non-exclusive license with Jindal Crop Sciences Pvt. Ltd. (an ISO 9001:2008 certified company) for its seed production and marketing. It is a red onion variety becoming popular in a number of *kharif* onion growing regions of the country because of its high yield and good bulb quality. A white onion variety 'Bhima Shubhra' has also proved to be a success story for *kharif* season in Akola (Vidarbha) region of Maharashtra. Bhima Dark Red, as name indicates has dark red bulbs. It is first such variety for *kharif* season. Bhima Shweta is a white onion variety for *rabi* and late *kharif*, whereas Bhima Red can be grown in all the three seasons.

Two F_1 hybrids (DOGR Hy-7 and DOGR Hy-50) of red onion have been recommended for multilocation trials under All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG). Eight lines of white onion in an advanced generation had more than 18% TSS and are suitable for processing. Crosses between short day indigenous and long day exotic onion proved to be promising with higher marketable yield than the check varieties. A unique white multiplier onion 'WM-514' was identified and found to be promising both for late *kharif* and *rabi* seasons. A core set of 39 accessions was identified from 625 garlic accessions based on the phenotypic data. Some early maturing and

विकसित करने के लिए एकगुणित किस्मों को प्रेरित किया गया। यह सफलतापूर्वक द्विगुणित हो गए और कन्द उत्पादन के लिए प्रक्षेत्र में हैं।

कृत्रिम परिस्थितियों में विषाणु मुक्त लहसुन कन्दिकाओं के उत्पादन का कार्य शुरु किया गया। प्रारंभिक परिणामों से पता चला कि 1 मि.ग्रा./ली. काइनेटिन एवं 6% सुक्रोज युक्त एम.एस. माध्यम सूक्ष्म कन्दिकाओं का उत्पादन बढ़ाने में कारगर है। विषाणु का पता लगाने हेतु सामग्री विकसित करने के लिए गार्लिक कॉमन लेटेन्ट विषाणु का पूरा जीनोमिक अनुक्रम निर्धारित किया गया। आइरिस पीला धब्बा विषाणु का एम–आरएनए जीनोम अनुक्रमित किया गया। लहसुन में लीक पीली पट्टी विषाणु पहली बार देखा गया और इसका आंशिक सीपी जीन (प्रविष्टि क्र. केएफ 850539) अनुक्रमित किया गया।

इस वर्ष सस्य विधियों पर दो संस्तुतियां राष्ट्रीय स्तर पर की गईं। एक समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर थी, जिससे अजैविक उर्वरकों के उपयोग को कम करने में मदद होती है। इस संस्तुति के अनुसार 15 टन सड़ी हुई गोबर की खाद, *एज़ोस्पाइरिलम* और फास्फेट घोलनेवाले जिवाणु (प्रत्येक 5 कि.ग्रा./हे.) की जैविक खाद के साथ एनपीकेएस 110:40:60:40 कि.ग्रा. के संयुक्त इस्तेमाल से अधिक विपणन योग्य कन्द और लागत लाभ अनुपात पाया जाता है। इससे अजैविक उर्वरकों के इस्तेमाल में 25% की कमी आती है। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित अधिकांश क्षत्रों में इस संस्तुति को उपयोग में लाया जा सकता है।

दूसरी संस्तुति खरपतवार प्रबंधन पर थी। इस संस्तुति के अनुसार रोपाई के 40–60 दिनों बाद ऑक्सिफ्ल्युरोफेन 23.5% ईसी का इस्तेमाल + एक हस्त निराई करने से अधिक विपणन योग्य कन्द उपज, खरपतवार नियंत्रण क्षमता एवं लागत लाभ अनुपात पाया जाता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित कई राज्यों में इस संस्तुति को उपयोग में लाया जा सकता है।

वर्ष के दौरान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की कई गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें जनजातीय उपयोजना एवं पूर्वोत्तर पर्वत योजना का शुभारंभ शामिल है। इन कार्यक्रमों में प्रत्येक के तहत, 10 किसान समूहों को प्याज बीज उत्पादन सहित प्याज व लहसुन उत्पादन के लिए अपनाया गया। प्रदर्शन परीक्षणों के

high yielding breeding lines of garlic were identified. In order to develop pure lines for use as parents in hybrid production in onion, haploids were induced. These were successfully diplodized and are in field for bulb production.

Work on production of virus-free garlic bulbils *in vitro* has been initiated. Preliminary results showed that MS media with 1 mg/l Kinetin and 6% sucrose was effective in increasing the production of microbulbils. For developing virus detection kits, the complete genomic sequence of a Garlic Common Latent Virus (GarCLV) was determined. M-RNA genome of IYSV has been sequenced. Incidence of LYSV was observed first time on garlic and its partial CP gene has been sequenced (Accession No.KF850539).

This year two recommendations on cultivation practices were also made at national level. One pertains to integrated nutrient management, which help in reducing the use of inorganic fertilizers. According to this recommendation a combined application of 110:40:60:40 kg NPKS along with organic manures equivalent to 15 t FYM and *Azospirillum* and Phosphate Solubilising Bacteria (PSB) @ 5 kg each/ha gives higher marketable bulb yield and cost benefit ratio. It also reduces the use of inorganic fertilizers by 25%. This recommendation can be followed in most of regions including Haryana, Rajasthan, Uttar Pradesh, Bihar, West Bengal, Manipur, Madhya Pradesh, Odisha, Gujarat, Maharashtra, Tamil Nadu and Karnataka.

The second recommendation is for weed management. According to this recommendation, application of Oxyflurofen 23.5% EC before planting + one hand weeding at 40-60 days after transplanting gives higher marketable bulb yield, WCE and B:C ratio. This recommendation can be followed in most of states including Uttar Pradesh, Bihar, West Bengal, Manipur, Madhya Pradesh, Odisha, Gujarat, Maharashtra, Tamil Nadu and Karnataka

During the year, a number of activities on transfer of technology were conducted. These include launching of Tribal Sub-Plan and North-East Hill Plan. Under each of these programmes, 10 farmers groups were adopted for both onion and garlic production including onion seed production. Besides

आयोजन के अलावा, इन किसान समूहों को प्रशिक्षण दिया गया तथा उत्पाद सामग्री प्रदान की गई। महाराष्ट्र के अकोला एवं वर्धा जिलों में किसानों के खेतों पर खरीफ एवं पछेती खरीफ उत्पादन प्रौद्योगिकी के लिए अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन भी कार्यान्वित किए गए। पुणे, महाराष्ट्र और नालंदा, बिहार में किसानों के खेतों पर रबी अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यान्वित किए गए। के.क.अनु.सं., नागपुर में कृषि वसंत, पुणे में सकाल एग्रोवन तथा कृ.वि.के., बारामती में हुई प्रदर्शनी सहित कई प्रदर्शनियों में प्या.ल.अनु.नि. ने भाग लिया।

प्या.ल.अनु.नि. ने अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन अनुसंधान नेटवर्क परियोजना की चौथी वार्षिक कार्यशाला अप्रैल 18–19, 2013 को बिधान चन्द्र कृषि विश्वविद्यालय (बि.च.कृ.वि.), कल्याणी में तथा अ.भा.प्या.ल.अनु.नि की पांचवी वार्षिक कार्यशाला और 'प्याज की फसल सुधार एवं बीजोत्पादन' पर विचार–मंथन सत्र मार्च 13–15, 2014 को राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नासिक में आयोजित किए। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) योजना के अंतर्गत तथा नाबार्ड जैसी एजेंसियों के अनुरोध पर कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए एक मॉडल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का भी आयोजन किया गया; जिसे विस्तार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया था। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत छह वैज्ञानिकों को भारत में अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रशिक्षणों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया तथा रा.कृ.न.प.– बागवानी के मा.सं.वि. कार्यक्रम के अंतर्गत एक वैज्ञानिक को जैवसुरक्षा के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण के लिए अमेरिका में प्रतिनियुक्त किया गया। वर्तमान वित्तिय वर्ष में संस्थान ने कृषि उपज़, प्रकाशनों की बिक्री, अनुबंध अनुसंधान, अनुज्ञप्ति, आदि के माध्यम से 72.48 लाख रुपये का अभूतपूर्व राजस्व उत्पन्न किया।

अंत में, मै निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन एवं अनवरत प्रोत्साहन के लिए डॉ.एस. अय्यप्पन, सचिव, कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग, कृषि मंत्रालय एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. और डॉ. एन. के. कृष्ण कुमार, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्या.ल.अनु.नि. की प्रकाशन समिति, वैज्ञानिकों तथा अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों को मै धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस दस्तावेज को प्रकाशित करने में अपना अमूल्य समय और श्रम का योगदान दिया है।

conducting demonstration trials, these farmers groups were provided trainings and inputs.

Frontline demonstrations were also carried out for *kharif* and late *kharif* production technologies at farmers' fields in Akola and Wardha districts of Maharashtra. *Rabi* frontline demonstrations were carried out in farmers' fields at Pune, Maharashtra and Nalanda, Bihar. DOGR also participated in a number of exhibitions including Krishi Vasant at CICR Nagpur, Sakal Agrowon at Pune and an exhibition at KVK, Baramati.

DOGR organized the IVth Annual Workshop of All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG) at Bidhan Chandra Krishi Vishwavidayalya (BCKV), Kalyani on April 18-19, 2013 and the Vth Annual Workshop of AINRPOG and a Brain-Storming Session on "Crop Improvement and Seed Production of Onion" at National Horticultural Research and Development Foundation, Nashik from 13-15th March 2014. Several training programmes were organized under Agricultural Technology Management Agency (ATMA) scheme and also on the request of sponsoring agencies like NABARD. A Model Training course for state government officials was also organized, which was sponsored by Directorate of Extension, Govt of India. Under the human resource development programme, six scientists were deputed for trainings in the area of their expertise in India and one scientist was deputed to USA for advanced training under HRD programme of NAIP- Hort in the area of Biosecurity. In the current financial year, the institute generated a record revenue of Rs. 72.48 lakhs through the sale of farm produce, publications, contract research, licensing etc.

In the end, I would like to express my deep sense of gratitude to Dr. S. Ayyappan, Secretary, DARE and DG, ICAR and Dr. N.K. Krishna Kumar, DDG (Horticulture Science) for their guidance and unending support to achieve the set goals. Thanks are also due to publication committee, scientists and other staff of DOGR for their valuable inputs to bring out this publication.

जय गोपाल

जय गोपाल

Jai Gopal

कार्यकारी सारांश / Executive Summary

प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय (प्या.ल.अनु.नि.), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) के अंतर्गत एक राष्ट्रीय संस्थान है। निदेशालय में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को फसल सुधार, फसल उत्पादन, संसाधन प्रबंधन, फसल संरक्षण एवं सस्योत्तर प्रबंधन की ओर लक्ष्यित किया गया है। वर्ष 2013–14 के दौरान अनुसंधान व विकास कार्यक्रमों में पाई गई मुख्य उपलब्धियों का विषयानुसार विवरण संक्षेप में इस प्रकार है।

फसल सुधार

जननद्रव्य संकलन को बल देने के लिए, अरुणाचल प्रदेश और असम में अन्वेषण कर नौ *एलियम* प्रजातियों (वन्य एवं खेती योग्य) एवं 49 प्रविष्टियों का संकलन किया गया। *एलियम* की चालीस प्रविष्टियां अमेंरिका से संकलित की गई। वर्तमान में 25 *एलियम* प्रजातियों की 116 प्रविष्टियों का मुक्त वातावरण में और साथ ही कृत्रिम परिस्थितियों में पॉलीहाऊस में रखरखाव किया गया है। प्या.ल.अनु.नि. में अभी तक प्याज, लहसुन और अन्य *एलियम* प्रजातियों की कुल 1700 से ज्यादा प्रविष्टियों का जननद्रव्य संकलन किया गया है।

पछेती खरीफ के दौरान लाल प्याज जननद्रव्यों के मूल्यांकन से पता चला कि प्रविष्टियां 1500 (66.67 ट./हे.) और 1360 (63.89 ट./हे.) में उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा शक्ति (50.32 ट./हे.) से अधिक उपज प्राप्त हुई तथा यह तोर वाले एवं जोड़ कन्दों से भी मुक्त थीं। भंडारण के पांच महीने बाद न्यूनतम भंडारण क्षति प्रविष्टि 1303 (18.20%) और उसके बाद प्रविष्टि 1500 (28.19%) में पाई गई। रबी के दौरान पांच प्रविष्टियों 1091, 1270, 1303, 1370 एवं 1392 में 50.0 ट./हे. से अधिक विपणन योग्य उपज की पैदावार हुई जो किस्म भीमा किरन (43.17 ट./हे.) से बेहतर थी। मल्टीप्लायर प्याज में अधिकतम कन्द उपज प्रविष्टि 1519–एजीजी (22.80 ट./हे.) में, उसके बाद 1549–एजीजी (21.33 ट./हे.) में दर्ज की गई। खरीफ में सात प्रविष्टियों 1456, 1461, 1328, 1359, 1414, 1466 एवं 1540 में उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा सुपर (21.33%) से 18% अधिक विपणन योग्य उपज प्राप्त हुई। रबी के दौरान मूल्यांकित 24 सफेद प्याज जननद्रव्यों में से तीन वंशक्रमों डब्ल्यू–329, डब्ल्यू–435 एवं डब्ल्यू–119 में 40 ट./हे. से अधिक विपणन योग्य उपज प्राप्त हुई, जो कि चयनित किस्म भीमा

Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR) is a national institute under the aegis of Indian Council of Agricultural Research (ICAR). Research and development activities at the Directorate are targeted towards crop improvement, crop production, resource management, crop protection and post-harvest management of onion and garlic. The salient achievements in the ongoing R&D programmes during the year 2013-14 are summarized discipline-wise.

Crop Improvement

To strengthen the germplasm collection, explorations were undertaken in Arunachal Pradesh and Assam. It resulted in collection of nine *Allium* species (wild and cultivated) and 49 lines. Forty accessions of *Alliums* were introduced from USA. At present 25 *Allium* species with 116 lines are being maintained in open as well as in poly house under artificial conditions. The total germplasm collection at DOGR is now over 1700 accessions of onion, garlic and other *Allium* species.

The evaluation of red onion germplasm during late *kharif* revealed that accessions 1500 (66.67 t/ha) and 1360 (63.89 t/ha) were higher yielding than the best check Bhima Shakti (50.32 t/ha) and these were also free from doubles and bolters. Minimum storage loss after five months of storage was recorded in accession 1303 (18.20%) followed by accession 1500 (28.19%). During *rabi,* accessions 1091, 1270, 1303, 1370 and 1392 produced more than 50.0 t/ha marketable yield, which was higher than the check Bhima Kiran (43.17 t/ha). In multiplier onion, the highest bulb yield was recorded in accession 1519-Agg (22.80 t/ha) followed by 1549-Agg (21.33 t/ha). During kharif, accessions 1456, 1461, 1328, 1359, 1414, 1466 and 1540 had more than 18% higher marketable yield than the best check Bhima Super (21.33 t/ha). Out of 24 white onion germplasm

श्वेता (37 ट./हे.) से ज्यादा थी। तीन महीनों के भंडारण के पश्चात चार वंशक्रमों (डब्ल्यू–416, डब्ल्यू–088, डब्ल्यू–078 एवं डब्ल्यू–174) में 30% से कम भार क्षति देखी गई जो कि किस्म भीमा श्वेता (49%) की तुलना में कम थी। खरीफ में, एक प्रविष्टि डब्ल्यू–428 किस्म भीमा शुभ्रा (22.42 ट./हे.) से सात दिन पहले यानी 97 दिनों में पक्व हुई और इसमें उपज़ (33.1 ट./हे.) भी अधिक प्राप्त हुई।

लहसुन में 625 लहसुन प्रविष्टियों के प्ररुपी आंकडे इस्तेमाल कर 39 प्रविष्टियों का एक आंतरक समूह विकसित किया गया। खरीफ में मूल्यांकित 104 लहसुन प्रविष्टियों में प्रविष्टि 654 एवं 674 और उन्नत वंशक्रम एसी–74–7, एसीसी–471, कोलएसी–316.15, आरजी–37, कोलएसी–36–0.5, सीडीटी–14.6 एवं टी–8–1 बेहतर पाए गए। प्रयोगशालीय परिस्थितियों में लहसुन में कैलस के माध्यम से पौधों का पुनरूत्पादन करने के लिए एक विधि मानकीकृत की गई तथा 50 पौधे विकसित किए गए। प्रयोगशालीय परिस्थितियों में लहसुन संरक्षण के लिए सोर्बिटल (4%) का इस्तेमाल प्रभावी पाया गया।

'उन्नत प्याज किस्मों का प्रजनन' परियोजना में पांच किस्में भीमा सुपर, भीमा रेड, भीमा डार्क रेड, भीमा श्वेता एवं भीमा शुभ्रा को बि.च.कृ.वि., कल्याणी में एप्रिल 18–19, 2013 के दौरान हुई अ.भा.प्या.ल.अनु.ने.प. की चौथी समूह बैठक में विमोचन के लिए पहचाना गया। पछेती खरीफ के दौरान ईएल–1414 (65.19 ट./हे.) में उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा शक्ति (54.76 ट./हे.) से अधिक कन्द उपज प्राप्त हुई। इसके कन्द गहरे लाल, अंडाकार और बड़े आकार के थे (औसतन कन्द भार 111.45 ग्रा.) तथा जोड़ एवं तोर से मुक्त थे। रबी के दौरान ईएल–625(56.67 ट./हे.) एवं ईएल–671 (54.07 ट./हे.) में उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा शक्ति (43.67 ट./हे.) से अधिक कन्द उपज प्राप्त हुई। डीओजीआर–1203 (88 दिन) न्यूनतम दिनों में पक्व हुई, उसके बाद का स्थान डीओजीआर–595–सेल एवं डीओजीआर–1047–सेल (95 दिन) का रहा। चार महीने भंडारण के पश्चात न्यूनतम भंडारण क्षति डीओजीआर–592–सेल (21.35%) में पाई गई और उसके बाद का स्थान एन–2–4–1 (जीएलआर) का रहा (27.17%)। खरीफ के दौरान सी 6–केएम–2 और सी 6–केएम–1 में उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा डार्क रेड (31.87 ट./हे.) से अधिक उपज प्राप्त हुई।

सफेद प्याज में, रबी मौसम में किस्म भीमा श्वेता (33.59 ट./हे.) की तुलना में 50 उन्नत प्रजनन वंशक्रमों में से डब्ल्यू–171/ईएल–4, डब्ल्यू–122 एडी, डब्ल्यू–401/ईएल–4 एवं डब्ल्यू–422/ईएल–4 में विपणन योग्य उपज 34.39 और 38.89 ट./हे. के बीच प्राप्त हुई। चयनित किस्म (70.32%) की अपेक्षा तीन वंशक्रमों डब्ल्यू–440/ईएल–4, डब्ल्यू–122 एडी एवं

evaluated during *rabi,* three lines W-329, W-435 and W-119 had more than 40 t/ha marketable yield, which was higher than the check Bhima Shweta (37 t/ha). After three months of storage, four lines (W-416, W-088, W-078, and W-174) had less than 30% total weight loss as compared to 49% in check Bhima Shweta. During *kharif,* one entry W-428 matured in 97 days i.e. seven days earlier than the check and also yielded higher (33.1 t/ha) than check Bhima Shubhra (22.42 t/ha).

In garlic, using phenotypic data of 625 garlic accessions a core set of 39 accessions was developed. Out of 104 garlic accessions evaluated in *kharif,* accessions 654 and 674 and elite lines AC-74-7, ACC-471, ColAC-316.15, RG-37, ColAC-36-0.5, CDT-14.6 and T-8-1 were found superior. A protocol for *in vitro* regeneration of plants through callus in garlic was standardized and 50 plantlets were developed. Use of sorbitol (4%) was found effective for *in vitro* conservation of garlic

In the project 'Breeding for improved onion varieties', five varieties *viz.* Bhima Super, Bhima Red, Bhima Dark Red, Bhima Shweta and Bhima Shubhra were identified for release by the 4th AINRPOG Group Meeting held at BCKV, Kalyani during April 18-19, 2013. During late *kharif,* EL-1414 (65.19 t/ha) yielded higher than the best check Bhima Shakti (54.76 t/ha). It has dark red, oval and big bulb (avg. bulb weight 111.45 g) and was free of doubles and bolters. During *rabi,* EL-625 (56.67 t/ha) and EL-671 (54.07 t/ha) yielded higher than the best check Bhima Shakti (43.67 t/ha). Minimum days to maturity were in DOGR-1203 (88 days) followed by DOGR-595-Sel and DOGR-1047-Sel (95 days). Minimum storage loss after four months of storage was in DOGR-592-Sel (21.35%) followed by N-2-4-1 (GLR) (27.17%). During *kharif,* C6-KM-2 and C6-KM-1 yielded higher than the best check Bhima Dark Red (31.87 t/ha).

In white onion, out of 50 advance breeding lines, W-171/EL-4, W-122 AD, W-401/EL-4 and W-422/EL-4 had marketable yield between 34.29 and 38.89 t/ha compared to 33.59 t/ha in check Bhima Shweta in *rabi* season. Storage losses in three lines *viz.* W-440/EL-4, W-122 AD and W-417 AD was between

डब्ल्यू–417 एडी में भंडारण क्षति 25.9 और 30.4% पाई गई। सातवी पीढ़ी के आठ वंशक्रमों में 18% से ज्यादा कुल घुलनशील ठोस पदार्थ पाए गए। सफेद प्याज (भीमा श्वेता, 27.62 ट./हे.) एवं पीली कन्द किस्म (फुले सुवर्णा, 26.67 ट./हे.) की तुलना में छोटे दिनों के सफेद/ पीले और विदेशी प्याज में किए गए संकरणों की एफ$_3$ समूहित पीढ़ी की सात वंशक्रमों का प्रदर्शन अच्छा रहा तथा इनमें अधिक विपणन योग्य उपज (35.14 से 49.67 ट./हे.) प्राप्त हुई। किस्म फुले सुवर्णा (विपणन योग्य उपज 26.67 ट./हे. एवं भंडारण क्षति 76.03%) की तुलना में रबी मौसम के दौरान मूल्यांकित सात पीली प्याज वंशक्रमों में से वंशक्रम वाई–003 एम में अच्छे प्रदर्शन के साथ अधिक विपणन योग्य उपज (32.78 ट./हे.) प्राप्त हुई तथा इसमें चार महीनों के भंडारण के बाद कम भंडारण क्षति (34.12%) पाई गई। पछेती खरीफ के दौरान, किस्म भीमा शुभ्रा (36.9 ट./हे.) की तुलना में 15 वंशक्रमों में से 8 वंशक्रम 35 ट./हे. से 51.2 ट./हे. उपज के साथ आशवान पाए गए। तीन वंशक्रमों; डब्ल्यू–442 एडी, डब्ल्यू–340/एम–4 एवं व्हाइट मासिंग कम्पोजिट (डी.सी.) में 6 महीनों के भंडारण के बाद कुल भार क्षति 30% से कम पाई गई।

लहसुन किस्मों की सुधार परियोजना में उन्नत वंशक्रम कोलएसी–38.3, कोलएसी–50–5, एसीसी–316–12–3 एवं कोलएसी–316–25 में चयनित किस्म भीमा ओमकार से उल्लेखनीय रुप से अधिक उपज प्राप्त हुई। वंशक्रम एसीसी–521 को पक्व होने में 110 दिन लगे।

प्याज संकर किस्मों का विकास परियोजना में अ.भा.प्या.ल.अनु.ने.प. के अंतर्गत बहुस्थानीय परीक्षणों के लिए दो एफ$_1$ संकर किस्मों (डीओजीआर संकर–7 एवं डीओजीआर संकर–50) को संस्तुत किया गया। पछेती खरीफ के दौरान उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा शक्ति (45.08 ट./हे.) की अपेक्षा विपणन योग्य उपज के लिए डीओजीआर संकर–57 एवं डीओजीआर संकर–32 में क्रमशः 21.38% एवं 15.84% संकर ओज प्राप्त हुई। इनमें एक जैसे तथा अच्छे भंडारणीय कन्द प्राप्त हुए। रबी के दौरान विपणन योग्य उपज के लिए 54.35% तक मानक संकर ओज पाई गई। खरीफ के दौरान चार संकर किस्मों की आबादी एक समान वक्त पर गर्दन गिरने एवं जल्द परिपक्वता (94 दिन) के लिए आशवान पाई गई। विभिन्न प्रजातिय पृष्ठभूमि (बीसी$_3$) में स्थानांतरित करने हेतु पृष्ठ संकरण के लिए सोलह संयोजन इस्तेमाल किए गए। रबी के दौरान दो सफेद प्याज की एफ$_1$ संकर किस्मों में 28.7 एवं 69.23% संकर ओज पाई गई। संकर किस्मों में से एक में चयनित किस्म भीमा श्वेता से 10.35% श्रेष्ठता के साथ 35.56 ट./हे. अधिक उपज प्राप्त हुई। खरीफ में एक संकर किस्म में उत्कृष्ट चयनित किस्म भीमा शुभ्रा (31.67 ट./हे.) की अपेक्षा 39.18 ट./हे. विपणन योग्य उपज प्राप्त हुई।

25.9 and 30.4% compared to 70.32% in the check. Eight lines in VIIth generation had more than 18% TSS. Seven lines in F_3 mass selected generation of crosses made between short day white/yellow and exotic onion performed well with higher marketable yield that ranged between 35.14 to 49.67 t/ha against the white check (Bhima Shweta, 27.62 t/ha) and yellow check (Phule Suwarna, 26.67 t/ha). Out of seven yellow onion lines evaluated during *rabi* season, line Y-003M performed well with higher marketable yield (32.78 t/ha) and lower total storage loss (34.12%) after four months of storage as compared to the check Phule Suwarna (marketable yield 26.67 t/ha and storage loss 76.03%). During late *kharif,* out of 15 lines, 8 lines were found promising with yield 35 t/ha to 51.2 t/ha compared to 36.9 t/ha in the check Bhima Shubhra. Total weight loss in three lines *viz.,* W-442 AD, W-340/M-4 and White Massing composite (DC) after 6 months of storage was less than 30%.

In varietal improvement programme of garlic, elite lines ColAC-38.3, ColAC-50-5, ACC-316-12-3, and ColAC-316-25 had significantly higher marketable yield than the check Bhima Omkar. Line ACC-521 was found to mature in 110 days.

In onion hybrid development programme, two F_1 hybrids (DOGR Hy-7 and DOGR Hy-50) were recommended for multilocational trials under AINRPOG. During late *kharif,* DOGR Hy-57 and DOGR Hy-32 had 21.38% and 15.84% heterosis, respectively, for marketable yield over the best check Bhima Shakti (45.08 t/ha). These also had uniform bulbs and good bulb storability. Standard heterosis was up to 54.35% for marketable yield during *rabi.* During *kharif,* four hybrid populations were found promising with uniform neck-fall and earliness (94 days). Sixteen combinations were used for backcrossing (BC_3) to transfer male sterility in different varietal backgrounds. Two white onion F_1 hybrids during *rabi* had heterosis of 28.7 and 69.23%. In one of the hybrids, yield was as high as 35.56 t/ha with 10.35% superiority over the check Bhima Shweta. During *kharif,* one hybrid gave marketable yield of 39.18 t/ha as compared to check variety Bhima Shubhra (31.67 t/ha).

गायनोजेनिसिस के माध्यम से एकगुणितों का प्रेरण प्याज की पांच किस्मों में किया गया। पौधों की एकगुणिता की कोशिकामिती द्वारा पुष्टि की गई तथा उनका द्विगुणितीकरण किया गया। इनमें से दस द्विगुणित पौधों को कन्द उत्पादन के लिए मजबूत किया गया। प्रतिचित्रण आबादी को विकसित करने के लिए किए गए संकरणों की रुपात्मक एवं आण्विक मार्करों द्वारा पुष्टि की गई। प्रतिचित्रण प्रयोजनों के प्राइमर समूहों को विकसित करने के लिए एसएसआर, एसआरएपी एवं आईएसएसआर मार्करों की स्क्रीनिंग की गई। प्या.ल.अनु.नि. की सात किस्मों की फिंगरप्रिंटिंग एसएसआर मार्करों का इस्तेमाल कर पूरी की गई।

फसल संरक्षण

गार्लिक कॉमन लेटेन्ट विषाणु का पूरा जीनोमिक अनुक्रम (आरएनए जीनोम) अनुक्रमित किया गया। इसमें पॉली–ए टेल को छोड़कर 8596 न्यूक्लियोटाइड्स छह संभावित ओआरएफ पॉजिटिव सेन्स ओरिएन्टेशन में हैं (जीन बैंक प्रविष्टि क्र. केजे 020285)। आइरिस पीला धब्बा विषाणु के एम–आरएनए जीनोम को भी अनुक्रमित किया गया। लहसुन में लीक पीली पट्टी विषाणु के उद्भव को पहली बार दर्ज किया गया, तथा इसका सीपी जीन अनुक्रमित किया गया (प्रविष्टि क्र. केएफ 850539)। आइरिस पीला धब्बा विषाणु के एन जीन को प्रवर्धित करने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल कर आइरिस पीला धब्बा विषाणु वाहक थ्रिप्स से आइरिस पीला धब्बा विषाणु के प्रवर्धन के लिए विधि विकसित की गई। नियंत्रित परिस्थितियों में थ्रिप्स पालने की क्रियाविधि को मानकीकृत किया गया तथा एकल थ्रिप से मायटोकॉनड्रिया के सीओआई जीन को प्रवर्धित किया गया।

फसल उत्पादन

प्याज एवं लहसुन, दोनों में, रासायनिक पौध संरक्षण उपायों के साथ अजैविक उर्वरकों का इस्तेमाल करने से जैविक प्रणाली की अपेक्षा काफी अधिक कन्द उपज दर्ज की गई। जैविक प्रणाली की तुलना में अजैविक उर्वरकों के इस्तेमाल से उत्पादित प्याज कन्दों में कुल भंडारण क्षति कम पाई गई। अजैविक प्रणाली में मृदा में उपलब्ध पोषक तत्व जैविक प्रणाली से ज्यादा थे, जबकि मृदा में सूक्ष्म जीवों की आबादी जैविक प्रणाली में ज्यादा थी। जैविक स्त्रोतों में से मुर्गी की खाद के इस्तेमाल से दोनों फसलों में अधिक उपज प्राप्त हुई। प्याज एवं लहसुन कन्दों का तीखापण अजैविक प्रणाली में काफी कम था। ह्यूमिक एवं सैलिसेलीक अम्ल के इस्तेमाल से कन्द उपज में उल्लेखनीय वृध्दि नहीं हुई। रोपाई के 30, 45 एवं 60 दिनों बाद सूक्ष्म पोषक तत्वों के पर्णीय छिड़काव से प्याज एवं लहसुन, दोनों फसलों में, अधिक उपज प्राप्त होने के परिणाम मिले। पूना सीड ड्रिल एवं बीज छिड़काव विधि की अपेक्षा न्यूमेटिक सीड ड्रिल से सीधी बुआई करने से अधिकतम ए$^{+}$ श्रेणी के कन्द प्राप्त हुए।

Induction of haploids through gynogenesis was achieved in five onion varieties. Plants were confirmed for haploidy by flow-cytometry and were diplodised. Ten plants confirmed to be diploid were hardened for bulb production. Crosses made to develop mapping population were confirmed by morphological and molecular markers. Markers SSR, SRAP and ISSR were screened to develop primer sets for mapping purposes. DNA fingerprinting of seven varieties of DOGR was completed using SSR markers.

Crop Protection

The complete genomic sequence (RNA genome) of a Garlic Common Latent Virus (GarCLV) was sequenced. It consisted of 8596 nucleotide (nt) excluding poly-A tail with six potential ORFs in positive sense orientation (GenBank Accession no. KJ020285). M-RNA genome of IYSV has also been sequenced. The incidence of LYSV was reported for the first time in garlic and its partial CP gene was sequenced (Accession No.KF850539). By using primers to amplify N gene of IYSV, the protocol for the amplification of IYSV from the IYSV vector thrips has been developed. Methodology for the rearing of thrips under controlled condition has been standardized and the mitochondrial COI gene from a single thrip was amplified.

Crop Production

Application of inorganic fertilizer along with chemical plant protection measures recorded significantly higher bulb yield over organic system in both onion and garlic. Total storage losses in onion bulbs produced with inorganic fertilizer application was less as compared to organic system. Soil available nutrient content in inorganic system was higher than the organic system whereas the soil microbial population was higher in organic system. Among the organic sources, application of poultry manure gave higher bulb yield in both the crops. The pungency of onion and garlic bulbs was significantly lower in inorganic system. Application of humic and salicylic acid did not increase the bulb yield significantly. Foliar application of micronutrient at 30, 45 and 60 DAP resulted in higher yield in both onion and garlic crops. Direct sowing with pneumatic seed drill yielded maximum A^{+} grade bulbs compared to Poona seed drill and broadcasting.

बीज प्रौद्योगिकी

लहसुन एवं प्याज बीज फसल में शुष्क पदार्थ संचय तथा पोषक तत्व उद्ग्रहण स्वरुप में देखा गया कि नत्रजन एवं पोटाश के उद्ग्रहण से सक्रिय वनस्पति विकास हुआ तथा फास्फोरस एवं गंधक के उद्ग्रहण से लहसुन में कन्द विकास तथा प्याज बीज फसल में पुष्पन हुआ। प्याज के बीजोत्पादन में बसन्तीकरण के प्रभाव के अध्ययन से पता चला कि कन्दों में कम तापमान उपचार से कम से कम एक सप्ताह पहले पुष्पदंड प्रस्फुटन हुआ तथा बीज उपज़ में 45% वृध्दि हुई। लहसुन कलियां 73 दिनों तक सुप्तावस्था में रही और शीत उपचार से अंकुरण 12% जल्द हुआ। परखनली में लहसुन की सूक्ष्म कन्दिकाओं का विकास करने की कोशिश में पाया गया कि 1 मि.ग्रा./ली. काइनेटीन एवं 6% सुक्रोज के एमएस माध्यम में ज्यादा संख्या में सूक्ष्म कन्दिकाएं प्राप्त हुई। परखनली में विकसित विभिन्न वंशक्रमों की सूक्ष्म कन्दिकाओं को मुख्य क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया और कन्द गठन के लिए उनका मूल्यांकन किया जा रहा है।

सस्योत्तर प्रौद्योगिकी

सस्यपूर्व और सस्योत्तर अनुप्रयोगों द्वारा सस्योत्तर नुकसान को कम करने के लिए प्रयास किए गए । रबी मौसम के दौरान, आईएए (1.0 मि.मो.) और कोबाल्ट क्लोराइड (0.5%) का रोपाई के 105 दिनों के बाद सस्यपूर्व इस्तेमाल करने से सस्योत्तर नुकसान को कम पाया गया। खरीफ मौसम के दौरान, कोबाल्ट क्लोराइड (0.4%) का रोपाई के 90 दिनों बाद सस्यपूर्व इस्तेमाल सस्योत्तर नुकसान कम करने के लिए किया गया । हालांकि, नये अंकुरण रोधी रसायनों, आर–23 और आर–24 के सस्योत्तर इस्तेमाल से भंडारण क्षति कम नहीं हुई। प्याज और लहसुन की रोपण तिथियों का सस्योत्तर नुकसान पर गहरा प्रभाव पाया गया। लहसुन की रोपाई 1 नवंबर और रबी प्याज की रोपाई 15 दिसंबर के आसपास करने से न्यूनतम सस्योत्तर क्षति पाई गई।

सुखने की विशेषताएं जीनोटाइप से प्रभावित पाई गई। धूप में, 60° सें.ग्रे. ओवन में तथा 180 वाट पर माइक्रोवेव ओवन में सुखाना प्याज की ब्राउनिंग की विशेषताओं के बराबर पाया गया। माइक्रोवेव में सुखाने से कुल फिनॉल में वृद्धि हुई और निर्जलीकरण अनुपात कम पाया गया। कैल्शियम क्लोराइड उपचार (0.5, 1.0 और 1.5%), कैल्शियम लैक्टेट उपचार (0.5, 1.0 और 1.5%) और गर्म उपचार (40, 50 और 60° सें.ग्रे.) का भंडारण से 8 दिनों तक न्यूनतम प्रसंस्कृत प्याज की गुणवत्ता अवधारण पर कोई प्रभाव नहीं देखा गया। कैल्शियम लैक्टेट उपचार से कुल भार क्षति कम हुई।

Seed Technology

Dry matter accumulation and nutrient uptake pattern in garlic and onion seed crop showed that the N and K uptake coincided with the active vegetative growth stages while P and S uptake coincided with bulb development in garlic and flowering in onion seed crop. Effect of vernalization on onion seed production revealed that low temperature treatment of bulbs hastened scape initiation at least by a week and enhanced the seed yield by 45%. Garlic cloves were found to have a dormancy of 73 days and cold treatment enhanced the germination by 12%. In an attempt to increase the microbulbils production in garlic *in vitro,* the MS medium with 1 mg/l kinetin and 6% sucrose resulted in higher number of microbulbils. The *in vitro* raised microbulbils of different generations were transferred *ex vitro* and are being evaluated for bulb formation.

Post-harvest Technology

Attempts were made to reduce the post-harvest losses by pre- and post-harvest applications. During *rabi* season, pre-harvest application of IAA (1.0 mM) and $CoCl_2$ (0.5%) 105 DAP was found to reduce post-harvest losses. Pre-harvest application of $CoCl_2$ (0.4%) 90 DAP was found to reduce post-harvest losses during *kharif* season. However, post-harvest application of new anti sprouting chemicals R-23 and R-24 did not reduce storage losses. The planting dates of onion and garlic were found to have profound effect on post-harvest losses. Lowest post-harvest losses in garlic were observed at planting around November 1st and in onion planted around December 15th during *rabi* season.

The drying characteristics were found to be influenced by genotypes. Sun drying and oven drying at 60°C and drying in microwave oven at 180W were at par for browning characteristics of onion. Microwave drying increased the total phenol contents and decreased the dehydration ratio. Calcium chloride treatment (0.5, 1.0 & 1.5%), calcium lactate treatment (0.5, 1.0 & 1.5%) and heat treatment (40, 50 and 60°C) had no effect on quality retention of minimally processed onion up to 8 days of storage. Calcium lactate treatment reduced the total weight loss.

विस्तार

महाराष्ट्र के अकोला एवं वर्धा जिलों में किसानों के खेतों पर खरीफ एवं पछेती खरीफ उत्पादन प्रौद्योगिकी के लिए अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यान्वित किए गए। रबी में महाराष्ट्र के पुणे जिले और बिहार के नालंदा जिले में किसानों के खेतों में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यान्वित किए गए। प्या.ल.अनु.नि. की किस्मों भीमा सुपर, भीमा राज, भीमा रेड एवं भीमा शुभ्रा ने खरीफ मौसम में बसवंत 780 की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। भीमा शक्ति एवं भीमा किरन किस्मों में रबी प्रदर्शनों के दौरान स्थानीय किस्मों से अधिक उपज प्राप्त हुई। भीमा सुपर और भीमा शक्ति किस्मों ने पछेती खरीफ प्रदर्शनों में अन्य किस्मों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।

आठ सदस्यीय नेपाली प्रतिनिधिमंडल के दौरे का आयोजन किया गया। प्रतिनिधिमंडल को प्याज एवं लहसुन के सुधारित उत्पादन तकनीक से अवगत कराया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) योजना के तहत प्याज एवं लहसुन उत्पादन और सस्योत्तर प्रबंधन की प्रौद्योगिकियों का प्रसार करने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाबार्ड जैसी प्रायोजक एजेंसियों के अनुरोध पर भी किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृषि प्रदर्शनियों जैसे पुणे में सकाल एग्रोवन, नागपुर में कृषि वसंत, और बारामती में हुई प्रदर्शनी, आदि में भाग लेने से विस्तार गतिविधियों को और मजबूती मिली।

सार्वजनिक–निजी भागीदारी

सार्वजनिक–निजी भागीदारी के माध्यम से प्याज की किस्मों का व्यवसायीकरण करने के लिए प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय (प्या.ल.अनु.नि.) ने जिंदल क्रॉप साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड (आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित कंपनी) को प्याज की किस्म भीमा सुपर की अनुज्ञप्ति दी। समझौता ज्ञापन के अनुसार, प्या.ल.अनु.नि ने जिंदल क्रॉप साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड को भीमा सुपर के बीज उत्पादन एवं वितरण के लिए गैर–अनन्य अनुज्ञप्ति प्रदान की। प्या.ल.अनु.नि के द्वारा विकसित लाल प्याज की किस्म भीमा सुपर की संस्तुति छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और तमिलनाडु में खरीफ मौसम के लिए की गई है।

संस्थागत गतिविधियां

प्या.ल.अनु.नि. ने अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन अनुसंधान नेटवर्क परियोजना की चौथी वार्षिक कार्यशाला 18–19 अप्रैल

Extension

Frontline demonstrations were carried out for *kharif* and late *kharif* production technologies in farmers' field in Akola and Wardha districts of Maharashtra. *Rabi* frontline demonstrations were carried out in farmers' field in Pune district of Maharashtra and Nalanda district of Bihar. DOGR varieties namely, Bhima Super, Bhima Raj, Bhima Red and Bhima Shubhra performed better than Baswant 780 in *kharif* season. Bhima Shakti and Bhima Kiran yielded higher than local variety during *rabi* demonstrations. Bhima Super and Bhima Shakti performed better than other varieties in late *kharif* demonstrations.

A visit of 8 members' Nepalese delegation was organized. The delegation was exposed to the improved production technology for onion and garlic. Several training programmes were organized under ATMA scheme to disseminate the technologies on onion and garlic production and post-harvest management. Training programmes for farmers on the request of sponsoring agencies like NABARD was also organized. Participation in agri-exhibitions viz. Sakal Agrowon, Pune, Krishi Vasant, Nagpur and exhibition at Baramati etc. further strengthened the extension activities.

Public-Private Partnership

To commercialize improved onion varieties through public-private partnership, Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR) licensed onion variety Bhima Super to Jindal Crop Sciences Pvt. Ltd., an ISO 9001:2008 certified company. As per MoU, DOGR extended a non-exclusive license to Jindal Crop Sciences Pvt. Ltd. for seed production and distribution of Bhima Super. Bhima Super is a red onion variety from DOGR that has been recommended for *kharif* season in Chhattisgarh, Delhi, Gujarat, Haryana, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra, Odisha, Punjab, Rajasthan and Tamil Nadu.

Institutional Activities

DOGR organized the IVth Annual Workshop of All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG) at Bidhan Chandra Krishi Vishwavidayalya (BCKV), Kalyani on April 18-19, 2013 and the Vth

2013 को बिधान चन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी में तथा प्या.ल.अनु.नि. की पांचवी वार्षिक कार्यशाला और 'प्याज की फसल सुधार एवं बीजोत्पादन' पर विचार–मंथन सत्र 13–15 मार्च 2014 को राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नासिक में आयोजित किए। संस्थान अनुसंधान परिषद, अनुसंधान सलाहकार समिति, संस्थान प्रबंधन समिति, आदि की बैठक तथा हिन्दी सप्ताह, सतर्कता सप्ताह आदि गतिविधियां समय पर आयोजित की गई। छात्रों के बीच कृषि को लोकप्रिय करने के लिए 18 फ़रवरी 2014 को कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय, सी.एम.ई., दापोड़ी, पुणे से पांचवीं और आठवीं कक्षा के 163 छात्रों ने भाग लिया। प्या.ल.अनु.नि. द्वारा 23 जनवरी 2014 को प्या.ल.अनु.नि., राजगुरुनगर, पुणे में पीपीवी एवं एफआरए पर किसानों, विस्तार कार्यकर्ताओं एवं शोधकर्ताओं के लाभ के लिए एक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

निदेशालय ने राजगुरुनगर में 10–17 फ़रवरी, 2014 के दौरान प्याज और लहसुन में उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक मॉडल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को विस्तार निदेशालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया था। त्रिपुरा और मणिपुर समेत 10 राज्यों से कृषि एवं बागवानी विभागों से अट्ठाईस अधिकारियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया।

प्या.ल.अनु.नि. ने महाराष्ट्र और गुजरात के आदिवासी जिलों में जनजातीय उपयोजना का शुभारंभ किया। इस गतिविधि के तहत, प्याज और लहसुन कन्द उत्पादन तथा प्याज बीज उत्पादन कार्यक्रम शुरू किए गए। किसानों के लाभ के लिए प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किए गए। इसी प्रकार पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए एक योजना शुरू की गई। प्याज उत्पादन प्रौद्योगिकी विषय पर एंड्रो फार्म, के.कृ.वि., इंफाल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के किसानों ने भाग लिया। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत छह वैज्ञानिकों को भारत में अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रशिक्षणों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया तथा रा.कृ.न.प.–बागवानी के मा.सं.वि. कार्यक्रम के अंतर्गत एक वैज्ञानिक को जैवसुरक्षा के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण के लिए अमेरिका में प्रतिनियुक्त किया गया। निदेशालय ने कृषि उपज, प्रकाशनों की बिक्री, अनुबंध अनुसंधान, अनुज्ञप्ति, आदि के माध्यम से 72.48 लाख रुपये का अभूतपूर्व राजस्व उत्पन्न किया।

Annual Workshop of AINRPOG and a Brain-Storming Session on 'Crop Improvement and Seed Production of Onion'at National Horticultural Research and Development Foundation, Nashik from 13-15, March 2014.

Meetings of Institute Research Council, Research Advisory Committee, Institute Management Committee, Hindi Saptah, Satrkta Saptah etc, were held timely. To popularize the agriculture among students, Agriculture Education Day was organized on 18th February 2014. The programme was attended by 163 students of Vth and VIIIth standards from Kendriya Vidyalaya, CME, Dapodi, Pune. A training-cum-awareness programme on PPV&FRA was organized by DOGR on January 23, 2014 at DOGR, Rajgurunagar, Pune for the benefits of the farmers, extension workers and researchers.

The Directorate organized a Model Training Course on 'Production Technology in Onion and Garlic' during February 10-17, 2014 at Rajgurunagar. It was sponsored by the Directorate of Extension, Department of Agriculture and Cooperation, Ministry of Agriculture, Government of India, New Delhi. Twenty eight officers from Department of Agriculture and Horticulture, from 10 states including Tripura and Manipur attended the course.

DOGR also launched Tribal Sub-Plan scheme in tribal districts of Maharashtra and Gujarat. Under this activity, both onion and garlic bulb production and onion seed production programmes have been initiated. Field days were organized for the benefit of farmers. Similarly a plan for North – East Hill region has been initiated. Training programmes on "Onion production technology" were organized at Andro Farm, CAU, Imphal where farmers from different villages participated. Under the human resource development programme, six scientists were deputed for trainings in the area of their expertise in India and one scientist was deputed to USA for advanced training under HRD programme of NAIP-Hort in the area of Biosecurity. Directorate generated record revenue of Rs. 72.48 lakhs through sale of farm produce, publications, contract research, licensing etc.

परिचय
Introduction

निदेशालय

देश में प्याज व लहसुन के महत्व को समझते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) ने वर्ष 1994 में आठवीं योजना के अंतर्गत नासिक में प्याज व लहसुन संबंधी राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना की। उसके बाद 16 जून 1998 को इस केंद्र को राजगुरुनगर में स्थानांतरित किया गया। प्याज एवं लहसुन संबंधी अनुसंधान व विकास कार्यकलापों के बढ़ जाने के कारण इस केंद्र का दिसंबर 2008 में उन्नयन करके इसे प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का दर्जा दिया गया। मुख्य संस्थान में अनुसंधान व विकास कार्यों के अतिरिक्त, निदेशालय की देश भर में प्याज एवं लहसुन पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना में 12 सम्मिलित केंद्र और 16 स्वयंसेवी केंद्र कार्य कर रहे हैं।

स्थान तथा मौसम

निदेशालय का मुख्यालय राजगुरुनगर में स्थित है, जो पुणे–नासिक राजमार्ग पर पुणे से लगभग 45 कि.मी. की दूरी पर है। यह समुद्री सतह से 553.8 मी. ऊपर तथा 18.32° उत्तर एवं 73.51° पूर्व में स्थित है। यहां का तापमान 5.5° से. से 42.0° से. के बीच रहता है तथा यहां वार्षिक औसत वर्षा 669 मि.मी. होती है।

बुनियादी ढांचा

इस निदेशालय का राजगुरुनगर में 55 एकड़ अनुसंधान फार्म है जिसमें सिंचाई की बारहमासी सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा 56 एकड़ भूमि कालुस में और 10 एकड़ मांजरी में भी है। निदेशालय में जैव–प्रौद्यागिकी, मृदा विज्ञान, पादप संरक्षण, बीज प्रौद्योगिकी तथा सस्योत्तर प्रौद्योगिकी संबंधी अनुसंधान प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं, जिनमें समस्त आधुनिक वैज्ञानिक उपकरण मौजूद हैं। निदेशालय के पुस्तकालय में पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं, *एलियम्स* पर ई–संसाधनों का विपुल संकलन है। आसानी से साहित्य प्राप्त करने के लिए ई–मेल सम्पर्क व्यवस्था मौजूद है। निदेशालय की अपनी वेबसाइट http://dogr.res.in है जिससे शीघ्र ही अद्यतन सूचनाएं प्राप्त हो जाती हैं तथा प्याज व लहसुन और निदेशालय के प्रशासनिक मामलों से संबंधित सूचनाएं प्राप्त हो जाती हैं।

The Directorate

Realizing the importance of onion and garlic in the country, Indian Council of Agricultural Research (ICAR) established National Research Centre for Onion and Garlic in VIII Plan at Nasik in 1994. Later, the Centre was shifted to Rajgurunagar on 16th June 1998. Due to expansion of R&D activities of onion and garlic, the centre was rechristened and upgraded to Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR) in December 2008. Besides the R&D at main Institute, DOGR also has All India Network Project on Onion and Garlic with 12 participating centres and 16 voluntary centres across the country.

Location and weather

The Head Quarter of Directorate located at Rajgurunagar, is about 45 km from Pune, Maharashtra on Pune –Nashik Highway. It is 18.32 °N and 73.51 °E at 553.8 m above m.s.l. with a temperature range of 5.5 °C to 42.0 °C and having annual average rainfall of 669 mm.

Infrastructure

